आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 03.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में चल रहे सेमीकॉन इंडिया 2025 के दूसरे दिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सेमीकंडक्टर से संबंधित विभिन्न उत्पादों और परियोजनाओं को देखा। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे। श्री मोदी आज सेमीकॉन इंडिया में कार्यकारी अधिकारियों के गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे। इस गोलमेज सम्मेलन में दुनिया भर के उद्योग जगत के दिग्गज एक साथ आएंगे। वे भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र और इसके विकास पर चर्चा करेंगे।

0000

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक नई दिल्ली में चल रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। परिषद द्वारा भारत के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार–विमर्श किए जाने की उम्मीद है, इसमें कर दरों को युक्तिसंगत बनाने और इनके अनुपालन को सरल बनाना शामिल है। कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री इस बैठक में भाग ले रहे हैं। ये सुधार तीन स्तरों पर केंद्रित होंगे–संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाना और जीवन में आसानी।

0000

झालावाड़ स्कूल भवन हादसे को लेकर आज विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक सुरेश गुर्जर ने शून्यकाल में ये मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण बच्चों की दुखद मृत्यु हुई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाही करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के अन्य सदस्य भी इस मांग को लेकर वैल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान सदन में पक्ष विपक्ष के सदस्यों के बीच खासी तकरार भी हुई। इसे देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी।

0000

आकाशवाणी का क्षेत्रीय समाचार एकांश, जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। 3 सितम्बर 1959 को एकांश की स्थापना हुई थी और यहां से पहला समाचार बुलेटिन पढा गया था। मशहूर कमेन्टेटर स्वर्गीय जसदेव सिंह ने पहला बुलेटिन पढा था। तब से लेकर आज तक समाचार एकांश अपने श्रोताओं को सटीक, तथ्यात्मक, ताजा जानकारी उपलब्ध कराता आ रहा है। समय के अनुसार समाचारों की शैली में बदलाव भी किया गया है। वहीं श्रोताओं से जुड़ाव के लिए विभिन्न विषयों पर उनके सुझाव लेकर समाचार बुलेटिनों को अपडेट किया गया है।

00.00

राज्य में कुछ हिस्सों में बरसात का सिलसिला लगातार जारी है। इससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हुआ है। कई सड़क मार्ग अवरूद्ध है। दरा घाटी में नदी नाले उफान पर होने से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर यातायात बाधित है। वहीं अलसुबह कोटा के रामगंज मंडी इलाके में भारी बारिश से दिल्ली–मुम्बई रेलमार्ग बंद हो गया। दरा घाटी के पास पहाडी से भूस्खलन के चलते मलबा और पत्थर, पटरी पर गिरने से कोटा से आने और जाने वाली कई ट्रेनों को रोका गया। फिलहाल रास्ता खुल गया है। लेकिन रेलगाडियां देरी से चल रही है। झुंझुनूं के ग्रामीण अंचलों में लगातार बरसात से खरीफ की फसलों को नुकसान की आशंका से किसान परेशान है। सवाईमाधोपुर

में भी बरसात का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में सुबह से हो रही बरसात से कई स्थानों पर पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। दौसा के लालसोट में नालावास डैम टूटने से जयपुर जिले की कोटखावदा और चाकसू तहसील के पांच से अधिक गांव जलमग्न हो गए। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 11 सेंटीमीटर बरसात करौली के टोडाभीम में हुई। इसके साथ ही बारां, भरतपुर, कोटा, अलवर, झालावाड, सवाईमाधोपुर में कुछ इलाकों में 5 से 10 सेंटीमीटर तक पानी बरसा। विभाग ने उदयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में आज से बहुत भारी बारिश की संभावना जतायी है। साथ ही राज्य के दक्षिण पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में अगले तीन दिन बारिश की गतिविधियों में बढोतरी की संभावना है। पूर्वी क्षेत्रों के कुछ भागों में चार–पांच दिन बहुत भारी बरसात हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान में बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी।

0000

जलझूलनी एकादशी पर आज प्रदेशभर के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। इस अवसर पर सभी प्रमुख कृष्ण मंदिरों से ठाकुर जी को पालकी में बैठाकर पवित्र जलाशयों तक ले जाया जाएगा। वहां जल से अभिषेक कर फिर से मंदिरों में प्रतिष्ठित किया जाएगा। चित्तौडगढ के सांवलिया सेठ, करौली के मदन मोहन जी, और उदयपुर के जगदीश मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंहुचे है। वहीं सीकर के खाटूश्याम जी मंदिर में भी डोला ग्यारस पर विभिन्न आयोजन हो रहे है। इस बीच बारां का प्रसिद्ध डोल मेला आज से शुरू हो रहा है। ये मेला 17 दिन तक चलेगा।

0000